an>

title: Need to open a Kendriya Vidyalaya in Amreli district, Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली) ः केन्द्र सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहना है कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जिला अमरेली में वर्तमान में कोई केन्द्रीय विद्यालय नहीं है जिसके परिणामस्वरूप छोटे-छोटे बच्चों को काफी दूर अन्य जिलों के विद्यालयों में शिक्षा अर्जन करने जाना पड़ता है। स्थानीय लोगों की जरूरत एवं सहूलियत को दृष्टिगत रखते हुए इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को सूचित करने के साथ-साथ कई बार पत्र व्यवहार भी किया गया है। अमरेली जिले में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु आवश्यक जमीन मेरे द्वारा उपलब्ध कराये जाने के बारे में सूचित करते हुए जिलाधिकारी, अमरेली द्वारा केन्द्रीय विद्यालय संगठन को अनुरोध किया गया था परंतु केन्द्रीय विद्यालय के संयुक्त आयुक्त द्वारा जिलाधिकारी अमरेली को सूचित किया गया है कि अमरेली जिला मुख्यालय के अगल-बगल में जो 10 एकड़ भूमि चाहिए, वह उपलब्ध नहीं है इसलिए अमरेली जिला के सावरकुंडला तालुका के हाइवे नं. 8 गांव चरखरिया के पास 10 एकड़ भूमि उपलब्ध हो रही है तथा संबंधित विभाग द्वारा दो बार सर्वेक्षण भी हो चुका है जो सावरकुंडला तालुका से तीन कि.मी. की दूरी पर है। केन्द्र के नियम के अनुसार स्कूल तैयार नहीं होने तक एक अस्थाई भवन चाहिए जो एक एन.जी.ओ. के द्वारा 20 कमरे का भवन एक साल तक बिना किराये पर विद्यालय हेतु देने के लिए तैयार है।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि जनहित में अमरेली, गुजरात में "स्पेशल केस" के तौर पर केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें। इसके लिए यदि आवश्यक हो तो केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के नियमों में भी कुछ तब्दीली करने का कष्ट करें जिससे अमरेली जिले के बच्चों को शिक्षा अर्जन करने के लिए दूर जिलों के विद्यालयों पर निर्भर न रहना पड़े।